wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-39 सागवाड़ा, रविवार, 3 अक्टूबर, 2021 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## मां के साथ रहकर पढ़ाई करने वाले एक 16वर्षीय छात्र का शव रस्सी से फांसी के फंदे पर लटका मिला

### सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें छात्र ने लिखा है मैं मेरी जिंदगी से परेशान हूं

**डूंगरपुर।** शहर में आदर्श नगर रोड पर एक किराये के कमरे में मां के साथ रहकर पढ़ाई करने वाले एक 16वर्षीय छात्र का शव रस्सी से फांसी के फंदे पर लटका मिला है। कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें छात्र ने लिखा है मैं मेरी जिंदगी से परेशान हूं। छात्र की मां देवल अपने पीहर गई थी और माँ वापस घर लौटी तब तक बेटे ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। फिलहाल शव फंदे पर लटका हुआ है और उदयपुर से परिजनों के आने के बाद ही शव को फंदे से नीचे उतारा जाएगा। कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार उदयपुर जिले के बोसलाटी निवासी पारू पांडोर ओर उसका बेटा चिराग पांडोर (16 वर्ष) वर्ष शहर के आदर्श नगर रोड पर शनि मंदिर के पास एक किराये का कमरा लेकर रहते थे। चिराग शहर के एक निजी स्कूल में 10वी कक्षा का छात्र है। चिराग की मां पारू पंडोराज रविवार सुबह अपने पीहर देवल गांव गई हुई थी। चिराग घर पर अकेला था। उसी दरम्यान रविवार देर शाम को आसपास के लोगो ने खिड़की से देखा तो चिराग एक रस्सी से फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। उसी समय चिराग की माँ पारू भी घर पर आ गई और बेटे को फंदे पर लटका देखकर फूट-फुटकर रोने लगी। इसके बाद आसपास के लोग एकत्रित हो गए और घटना की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी

कोतवाली थाने से हेड कॉन्स्टेबल वल्लभराम मय जाब्ता मोके पर पंहुचे ओर घटना की जानकारी ली। घर से एक सुसाइड नोट भी मिला जिसमें लिखा था मैं अपनी जिंदगी से परेशान हूं। पुलिस ने सुसाइड नोट को जब्त कर लिया है और उसकी जांच करवाई जाएगी।

वहीं घटना की सूचना बोसलाटी में चिराग के परिजनों को दे दी गई है, उनके आने के बाद ही शव को फंदे से नीचे उतारा जाएगा। वहीं कल सोमवार को शव के पोस्टमार्टम को लेकर कार्रवाई की जाएगी।

## दादोडिया गांव में नर्सिंग कॉलेज के बुजुर्ग गार्ड की मौत हो गई

**डूंगरपुर।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के दादोडिया गांव में एक प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज के बुजुर्ग गार्ड की रविवार सुबह अचानक तबियत खराब होने के बाद उसकी मौत हो गई। पहली पत्नी की मौत के बाद गार्ड नाते लाई पत्नी के साथ रहता था। सदर थाना के हेड कांस्टेबल गजराजसिंह ने बताया कि कमला कोटेड निवासी डगोट फला देवल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है, जिसमें बताया है कि उसके पति कांतिलाल की 20 साल पहले मौत के बाद वह बालकृष्ण कोटेड (65 वर्ष) के साथ पत्नी बनकर रहती थी। बालकृष्ण की भी पहली पत्नी की 5 साल पहले मौत हो चुकी है। बालकृष्ण कोटेड रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज में गार्ड का काम करता है। रात को खाना खाने के बाद दोनों गार्ड रूम में सोएं थे। रविवार सुबह के समय बालकृष्ण की अचानक तबियत बिगड़ गई।

## सिद्धि कॉलेज सागवाड़ा में विश्वविद्यालय की वेद विद्यापीठ परीक्षा सम्पन्न हुई

**सागवाड़ा।** सिद्धि स्नातकोत्तर महाविद्यालय सागवाड़ा में रविवार को वेद विद्यापीठ अध्ययन केन्द्र पर परीक्षा सम्पन्न हुई। वेद विद्यापीठ अध्ययन केंद्र प्रभारी डॉ.दीनबंधु ठाकोर ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर परीक्षा 1 अक्टूबर से प्रारंभ हुई जिसमे योग विज्ञान मे 157, कर्मकांड मे 28 व ज्योतिष मे 22 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठें। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थीयो ने गोविन्दगुरु जनजातीय विश्वविद्यालय बांसवाड़ा के कुलपति प्रोफेसर आई वी त्रिवेदी, वेदविद्या पीठ निर्देशक डॉ. महीपाल राव, सचिव डॉ.विशेष, परीक्षा नियंत्रक डॉ.नरेन्द्र पानेरी का आभार जताया। योग शिक्षक विकास चन्द्र जोशी ने कहा कि सिद्धि महाविद्यालय में नियमित सायंकालीन योग विज्ञान, कर्मकांड, ज्योतिष शास्त्र कि कक्षाओ कासंचालित होने से विद्यार्थीयो को बहुत सीखने मिला। सुभाष फलोत, नानूराम माली, मानसिंह सिसोदिया व दिनेश यादव ने सहयोग किया।

## धरियावद से दिक्कत नही लेकिन वल्लभनगर में पेच फंसा

### भाजपा में टिकट वितरण को लेकर चल रहा मंथन

**उदयपुर।** राजस्थान में उप चुनाव को लेकर भाजपा ने माथापच्ची शुरू कर दी है। धरियवाद सीट पर टिकट चयन को लेकर कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन वल्लभनगर में अब भी पेंच फंसा हुआ है। यही वजह है कि पार्टी अब वहां के प्रभारी और सह प्रभारी की रिपोर्ट के बाद ही प्रत्याशियों की घोषणा करेगी। पार्टी सूत्रों की मानें तो धरियावद में स्व विधायक गौतम लाल मीणा के पुत्र कन्हैया लाल मीणा को टिकट देने का निर्णय करीब-करीब फाइनल है। एक अन्य नाम खेत सिंह मीणा का नाम भी चर्चा में है। असली माथापच्ची वल्लभनगर में है। पार्टी ने यहां पर्यवेक्षक के तौर पर अल्का सिंह गुर्जर और वासुदेव देवनानी को भेजा था। दोनो ने शनिवार को कोर कमेटी के पहले अपनी रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष को दे दी थी। सूत्रों के मुताबिक यहां तीन प्रमुख नामों पर चर्चा हुई। उनमें उदय लाल डांगी, हिम्मत सिंह झाला, मदन सिंह कृष्णावत का नाम प्रमुख रूप से निकल कर आया है।वल्लभनगर में रणधीर सिंह भींडर को पार्टी में लेने या नहीं लेने को लेकर फिलहाल कोई चर्चा नहीं हुई। माना जा रहा है कि पार्टी नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया को विश्वास में लिए बिना भींडर को लेकर कोई निर्णय नहीं करेगी और कटारिया भींडर को पार्टी मे लाने पर बिल्कुल सहमत नहीं है।

## कलाल समाज की जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

**ओबरी।** क्षेत्र के गरियता गांव में कलाल समाज के चौखला तीन सागवाडा-ओबरी-गरियता द्वारा चतुर्थ कलाल समाज जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह रविवार को हुआ। प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता मोतीलाल गामडा, कन्हैयालाल कोलखंडा, देविलाल सुरजगांव, दिलीप सागवाड़ा, युवाअध्यक्ष हंसमुख पटेल एवं अशोक रणैली ने की। मुख्य अतिथि चौखला तीन के अध्यक्ष नानुलाल मोड़पटेल एवं विशिष्ट अतिथि वेलजी गरियाता थे। खेल समिति अध्यक्ष नटवरलाल पादरा ने बताया कि रविवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में पादरा ईलेवन और मेवाड़ा ब्रदर्स ईलेवन के बीच हुआ जिसमें मेवाड़ा ब्रदर्स की विजय हुई। दूसरा सेमीफाइनल कलाल ब्रदर ईलेवन और मां आशापुरा क्लब ईलेवन के बीच हुआ जिसमें कलाल ब्रदर्स ईलेवन की विजय हुई। फाइनल मैच कलाल ब्रदर ईलेवन और मेवाड़ा ब्रदर्स ईलेवन के बीच हुआ जिसमें कलाल ब्रदर्स डूंगरपुर ईलेवन विजेता बनी। इस अवसर पर खेल प्रभारी सावन, खेल सचिव खुशपाल, समिति सदस्य चेतन, योगेश, गरीयाता के युवा खिलाडी कोशिक कलाल मौजूद रहे। संचालन नरेश खेड़ासा एवं आभार भरत गरियाता ने व्यक्त किया।

## सरोदा में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की कार्यकारिणी घोषित

**सरोदा।** सरोदा में शनिवार को को गोपाल चौक स्थित गोपाल मंदिर में बजरंग दल एवं विश्व हिन्दू परिषद की बैठक आयोजित की गई जिसमें विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की ईकाई सरोदा का गठन किया गया।

विश्व हिंदू परिषद ईकाई सरोदा के अध्यक्ष मोहन पाटीदार,उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह नितिन यादव, संगठन मंत्री अभिषेक पाठक व ग्राम सेवा प्रमुख गोकुल पाटीदार को नियुक्त किया गया, वही बजरंग दल की इकाई सरोदा में संयोजक रविन्द्र सिंह राठौड़ व सहसंयोजक गजेंद्र भाई पाटीदार,गौ सेवा प्रमुख प्रवीण सिंह,मिलन केंद्र प्रभारी हार्दिक मेहता, ग्राम सुरक्षा प्रमुख हर्षद उपाध्याय, डायालाल सेवक को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन कविश जोशी ने किया। कार्यकारणी के गठन में डॉ भारतेंदु व्यास, उदय आचार्य कल्पेश रावल जयेश, नयन, कार्तिक लोकेश यादव मनोज यादव राजेश यादव विनोद भगोरा, शैलेन्द्र उपाध्याय उमेश उपाध्याय,मनोज रावल भगेश मेहता जितेन्द्र व्यास मौजूद रहे।

## चतुर्थ पट्टाचार्य सुनीलसागर गुरुदेव 15 को जैनेश्वरी दीक्षाएं देंगे

**गलियाकोट।** चितरी के श्रीचन्द्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर व श्री आदिनाथ चैत्यालय में आर्यिका धवलमति माताजी, आर्यिका सुनिधिमती माताजी व ब्रह्मचारणी सन्ध्या दीदी के सानिध्य में विनय सत्कार पूर्वक गोद भराई गयी। जिसमे दिगम्बर जैन समाज चितरी के समस्त सदस्यों ने सम्मिलित होकर अनुमोदना प्रकट की। मंगलाचरण पंडित आनंदलाल ने व दीप प्रज्ज्वलन प्रकाश शाह, विपिन सेठ, भुपेश शाह हेमंत सेठ व मधोक शाह ने किया। सुनीलसागर युवा संघ भारत के प्रवक्ता मधोक शाह ने बताया कि वागड के प्रसिद्ध तीर्थक्षेत्र श्री अंदेश्वर पार्श्वनाथ जी में 15 अक्टूबर विजयादशमी के शुभदिन सुहब 8 बजे राष्ट्र गौरव चतुर्थ पट्टाचार्य सुनीलसागर गुरुदेव के अतिशय हस्तकमलो से राजस्थान के अब तक के इतिहास में सर्वाधिक जैनेश्वरी दीक्षाए प्रदान की जाएगी।

## मोहील होगे सागवाड़ा के नए अधिशासी अधिकारी



**सागवाड़ा।** सागवाड़ा नगर पालिका में रिक्त पड़े अधिशासी अधिकारी का पद भर गया है। रिक्त पड़े अधिशासी अधिकारी पद पर स्वायत शासन विभाग जयपुर ने प्रतापगढ़ में कार्यरत अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी शमुकेश कुमार मोहिल को नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी के पद पर पदस्थापित किया है । यह आदेश 1 अक्टूबर को राज्य सरकार ने जारी किया है।प्रतापगढ़ नगर परिषद सहित अन्य नगर पालिका में अधिकारी के रूप में कार्यरत रहे हैं और कम उम्र में भी लंबा अनुभव रखते है। मोहील शुक्रवार को नगरपालिका सागवाडा मे अधिशासी अधिकारी का पदभार ग्रहण करेंगे।

## कल से सीमलवाड़ा में हटाए जाएंगे अतिक्रमण

**सीमलवाड़ा।** सीमलवाड़ा कस्बे में अतिक्रमण हटाने को लेकर विशेष अभियान सोमवार से शुरू होगा। इससे पूर्व रविवार को व्यवस्था सुधारने को लेकर पहल की गई। पुलिस उप अधीक्षक रामेश्वर लाल मीणा, धंबोला सीआई भैया लाल आंजना एवं सीमलवाड़ा सरपंच विजयपाल डोडियार समेत ने सब्जी वालों के लिए रोडवेज बस स्टैंड परिसर एवं नया बस स्टैंड के पास पंचायत भूमि पर भूमि चिन्हित की गई है। वही थ्री व्हीलर टेंपो के लिए भी स्टैंड के लिए भूमि चिन्हित की गई है। वही पुलिस की ओर से समस्त व्यापारियों को हिदायत देते हुए सोमवार से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाने को लेकर आगाह किया गया है। डिप्टी रामेश्वर लाल चौहान ने बताया कि कस्बे में अतिक्रमियों के खिलाफ सख्ती के साथ कार्रवाई शुरू की जाएगी। अतिक्रमियों को कई बार चेतावनी दी गई है जिसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई हैं। व्यापारियों ने दुकान के बाहर अतिक्रमण कर सामान फैलाया है जिस वजह से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। चौड़ी सड़क सिकुड़ी हुई नजर आ रही है।

## राजभोई समाज की नई कार्यकारिणी की हुआ विस्तार

### बैठक में आगामी नवरात्रि त्यौहार को लेकर हुआ विचार विमर्श

**डूंगरपुर।** राजभोई समाज की मासिक बैठक रविवार को समाज के नोहरे में समजाध्यश राजेश राठौड़ के अध्यक्षता में हुई आयोजित। बैठक में समाज की नई कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें नोहरा प्रभारी के रूप में विजय भोई, प्रकाश भोई,बर्तन प्रभारी भावेश भोई,अमृत लाल भोई,शंकर भोई,लोकेश भोई, रिकॉर्ड संधारण प्रभारी नीलेश भोई, सम्पूर्ण सामग्री प्रभारी राकेश भोई,कंप्यूटर ऑपरेटर नितिन भोई के पद के लिए लोगों को मनोनीत किया गया। वही बैठक में समजाध्यश राठौड़ के नेतृत्व में नव युवक मंडल का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए भावेश भोई, उपाध्यक्ष किशन भोई, सचिव यश भोई,महामंत्री पुनीत भोई,सदस्य रूप के दिनेश भोई, अमित भोई, महेंद्र भोई, नीलेश भोई,अमृत भोई, संजय भोई शुभम भोई, देवेंद्र भोई, अर्जुन भोई, संजय भोई, अंकित भोई, कपिल भोई, कमलेश भोई,राहुल भोई, कमल भोई, नरेंद्र भोई, प्रकाश भोई,सुनील भोई, धर्मेंद्र भोई, धर्मेंद्र भोई, गोविंदभोई, अभिमन्यु भोई, संजय भोई को मनोनीत किया गया। साथ ही बैठक में संरक्षण समिति का गठन कर अध्यक्ष पद के लिए भंवरलाल भोई व अन्य सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक में आगामी त्यौहार नवरात्रि पर्व को लेकर बैठक में समाजजनों ने अपने अपने विचार रखें। बैठक में समाजजन मौजूद थे।

## हर वार्ड तक पहुंचेगा पालिका प्रशासन, आज वार्ड 4 में होगा शिविर

**सागवाड़ा।** लोगों की समस्याओं के हाथों हाथ निराकरण को लेकर पालिका प्रशासन अब हर वार्ड तक पहुंचेगा। इसके लिए पालिका प्रशासन की ओर से कलेंडर जारी कर दिया गया है। सागवाडा नगरपालिका की ओर से आज प्रशासन शहरो के संग अभियान के तहत वार्ड 4 के लिए शिविर आयोजित होगा।

नगपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया की सरकार की ओर से लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन शहरो के संग अभियान चलाया जा रहा ह। इसी कड़ी में 4 अक्टूबर को पालिका के वार्ड संख्या 4 के लिए वार्ड की पुनर्वास कॉलोनी के गणेश मंदिर में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से शुरू होंगे। उन्होंने बताया की वार्ड 5 से वार्ड 8 तक के शिविर दिनांक 5 अक्टूबर,6, 8 और 11 अक्टूबर को पुनर्वास कॉलोनी के गणेश मंदिर में ही आयोजित किये जायेंगे 7 पालिका अध्यक्ष खोडनिया ने वार्डवासियों से अपने व्यक्तिगत व वार्ड के कार्यो के लिए शिविर का लाभ उठाने की अपील की है 7 इसी तरह वार्ड नंबर 2 का 12अक्टूबर, वार्ड नंबर 2 का 20 अक्टूबर और वार्ड नंबर 9 का 21 अक्टूबर को इंदिरा कालोनी स्थिति सामुदायिक भवन मे शिविर लगेगा।

## ठग दुल्हन - शादी के 11वें दिन गायब हुई

### दलालों ने विवाह कराने के लिए थे साढ़े 3 लाख रुपए

**बांसवाड़ा।** बांसवाड़ा में ठग दुल्हन का मामला सामने आया है। दलालों को साढ़े तीन लाख रुपए देकर लड़के के घर तक पहुंची दुल्हन शादी के 11वें दिन ही गायब हो गई, अब उसकी तलाश हो रही है। कोतवाली पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। हालांकि, जीवन संगिनी बनाने वाले युवक और उसके परिवार को ठग दुल्हन से हमदर्दी है। इसकी वजह दुल्हन की ईमानदारी है। पीड़ित परिवार का कहना है कि अगर, दुल्हन लुटेरी होती तो नुकसान करके जाती, लेकिन ये दुल्हन तो साथ में कुछ भी लेकर नहीं गई। चाहती तो वह घर से जेवर और नकदी लेकर गायब हो सकती थी, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। मामला शहर के हाउसिंग बोर्ड का है। यहां रहने वाले वैभव गुर्जर (36) पुत्र तेजकरण गुर्जर, बेरोजगार है। उसके लिए स्थानीय रिश्ते नहीं मिले तो मां ने यहां भचेड़िया निवासी भरत पटेल से संपर्क किया।

भरत, जिसका ससुराल पहले से महाराष्ट्र के थरोड़ा में है। यहां भरत ने उसके ससुराल में रहने वाले किसी सूर्या नाम के युवक से संपर्क किया। सूर्या ने एक लड़की बताई। लड़की के परिवार की गरीबी बताई। शादी कराने के लिए साढ़े 3 लाख रुपए की मांग की। वैभव के परिवार ने मुंह मांगी कीमत देकर हाउसिंग बोर्ड के सिद्धी विनायक मंदिर में करीब 12 दिन पहले फेरे करवा दिए। वहीं 21 सितम्बर को महाराष्ट्र से आई पूनम प्रकाश सिंधे और वैभव गुर्जर की कोर्ट मेरिज करा दी। अब लड़की शनिवार की शाम को घर से भाग गई। घरवालों को उसके जाने के एक घंटे बाद पता चला कि वह घर में नहीं है। पीड़ित परिवार ने कोतवाली थाने में लड़की की गुमशुदगी दर्ज कराई है

## विजय पंचाल सागवाड़ा ओबीसी मोर्चा के नगर अध्यक्ष बने



**डूंगरपुर।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चो के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार श्रीमाल ने सागवाड़ा नगर अध्यक्ष श्याम भट्ट की अनुशंषा पर विजय पंचाल को सागवाड़ा ओबीसी मोर्चो के नगर अध्यक्ष के पद पर मनोनयन किया है। दिशानिर्देश देते हुए जल्द ही नगर ओबीसी मोर्चो की कार्यकारिणी का विस्तार करने का अनुरोध किया है।

## भगवान 1008 श्री नागफणी पारसनाथ की आज शहर से 26 वीं पदयात्रा निकाली

**डूंगरपुर।** जिले के नागदा युवा मंडल की ओर से भगवान 1008 श्री नागफणी पारसनाथ की आज शहर से 26 वीं पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा अलसुबह 3 बजे शहर के तहसील चौराहे से रवाना हुई। नागदा युवा मंडल के अध्यक्ष मुकेश जैन ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान 1008 श्री नागफणी पारसनाथ की 26 वी पदयात्रा का आयोजन नागदा युवा मंडल की ओर से किया गया। उन्होंने बताया कि 250 पदयात्रियों का जत्था शहर के तहसील चौराहे से रवाना हुई जो कि तहसील चौराहे से रवाना होकर, सिंटेक्स चौराहा, बलवाड़ा, थाणा, करोली, कनबा, छापी, बिछीवाड़ा, चुंडावाड़ा होते हुए नागफणी मंदिर पहुंची जहां पर जैन धर्मावलंबियों ने भगवान 1008 श्री नागफणी पारसनाथ के दर्शन करते हुए पूजा अर्चना की। उन्होंने बताया की पदयात्रा के दौरान विभिन्न मार्गो पर भामाशाहो की ओर से पदयात्रियों के चाय-नाश्ते की व्यवस्था की गई।

## अभिनेता घनश्याम नायक उर्फ नट्टू काका का निधन



**मुंबई।** 13 सालों से लगातार शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा में दर्शकों का मनोरंजन करने वाले अभिनेता घनश्याम नायक उर्फ नट्टू काका का 77 साल की उम्र में निधन हो गया। नट्टू काका की भूमिका निभाने वाले घनश्याम नायक ने लगातार दर्शकों का मनोरंजन किया।

नट्टू काका पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। इस बात की जानकारी खुद तारक मेहता का उल्टा चश्मा के निर्माता असित मोदी ने साझा की थी। उन्होंने बताया कि नट्टू काका एक लम्बे समय से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। कुछ महीने पहले उनके दो ऑपरेशन्स भी हो चुके थे। उम्र के कारण वह रोजाना शूटिंग पर नहीं जा पाते थे लेकिन वह शुरुआत से लेकर अभी तक तारक मेहता की टीम का हिस्सा थे।

## रीट में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से लेकर लक्ष्मणगढ़ तक हुई धांधली- किरोडी

### सरकार कराए CBI जांच; नहीं तो धरने पर बैठेंगे 78 भाजपा विधायक

**जयपुर।** राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने रीट में हुई धांधली के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से लेकर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी सब रीट में हुई धांधली के लिए जिम्मेदार है। ऐसे में इस मामले की ष्टक्चढ्ढ जांच करवाई जानी चाहिए। तभी प्रदेश के छात्रों को इंसाफ मिल सकेगा।

किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि रीट में सिर्फ नकल गिरोह ही नहीं बल्कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के आला अधिकारी भी शामिल है। जिनकी



देखरेख में ही गोपनीय शाखा से रीट की आंसर की भी पेपर के साथ बाहर आई थी। यही आंसर की प्रदेश के कई केंद्रों पर भेजी गई। जबकि परीक्षा के दौरान पेपर के साथ आंसर की भेजने का कोई औचित्य नहीं है। मीणा ने कहा कि रीट के आयोजन से 2 दिन पहले पेपर से भरा कंटेनर भी पलटा था। इस पूरे मामले को दबाया गया। जबकि इस पूरे मामले में एक साजिश की बू आती है। जिसकी निष्पक्ष जांच करवाई जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि इस पूरी धांधली में अधिकारियों के साथ कांग्रेस के पदाधिकारी भी जिम्मेदार हैं। जिस बत्तीलाल की मेरे और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के साथ तस्वीरें सामने आई है। वह अब तक फरार है। ऐसे में सरकार को उसे पकड़ने के साथ उसके आकाओं को भी पकड़ना चाहिए। ताकि इस पूरे घपले का पता लगाया जा सके। सांसद मीणा ने कहा कि सरकार इस पूरे घटनाक्रम को दबाने में लगी है। जबकि इसके सीधे तार अजमेर से लक्ष्मणगढ़ तक जा रहे हैं। जिसकी सिर्फ सीबीआई से ही निष्पक्ष जांच करवाई जानी चाहिए।